# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 02.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना पाकबड़ाः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्र निर्माण / तस्करी, अवैध शस्त्र रखने वाले धारको पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 01.06.2024 की रात्रि में उ0नि0 संजय त्यागी थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त अकरम पुत्र अफसर निवासी मौहल्ला इस्लामनगर कस्बा व थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना पाकबड़ा पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 189/2024 धारा-3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 2. अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना मुगलपुराः-




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 02.06.2024 को उ0नि0 सतेन्द्र मलिक थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त जितेन्द्र यादव पुत्र रामसरन यादव निवासी ग्राम दादूपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को अवैध 250 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना मुगलपुरा पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-163/2024 धारा- 8/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 3. अवैध 80 ली0 शराब के साथ 04 आरोपीगण गिरफ्तार थाना मुगलपुराः-






अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शराब निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 02.06.2024 को थाना मुगलपुरा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. मौसिम पुत्र मुज्जफर, 2. सलमान पुत्र हाकिम अली, 3. राशिद पुत्र बाबू निवासीगण लालूवाला थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद, 4. अख्तर पुत्र अहमद हुसैन निवासी रुस्तमपुर तिगरी थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से अलग-अलग अवैध 20-20 ली0 शराब कुल 80 ली0 शराब बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर थाना मुगलपुरा पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध क्रमशः मु0अ0सं0- 159/24 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम बनाम मौसिम उपरोक्त, मु0अ0सं0 160/24 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम बनाम सलमा उपरोक्त, मु0अ0सं0 161/24 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम बनाम राशिद उपरोक्त, मु0अ0सं0 162/24 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम बनाम अख्तर उपरोक्त पंजीकृत किये गये है। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 4. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना मूढ़ापाण्डेः-



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्र निर्माण / तस्करी, अवैध शस्त्र रखने वाले धारको पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 02.06.2024 को उ0नि0 अनंगपाल थाना मूढ़ापाण्डें जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त फरमूद अली उर्फ चन्दा पुत्र महमूद अली निवासी चमरौआ थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस .12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मूढ़ापाण्डें पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 273/2024 धारा- 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**5. थाना मझोला मुरादाबाद पुलिस द्वारा ई- रिक्शा चोरी करने वाले 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर कब्जे चोरी के 04 बैटरे ई- रिक्शा व ई-रिक्शा के पार्ट स्टेपनी, टायर आदि, अवैध एक तमंचा व एक चाकू, 01 मोबाईल व 4050/- रूपये नगद बरामद किये गयेः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध /अपराधीयो एंव चोरी की घटनाओ पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा संलिप्त शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी व चोरी की घटनाओ के सफल अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के कुशल पर्यवेक्षण/मार्गदर्शन में थाना मझोला पुलिस गठित टीम द्वारा आज दिनांक 02.06.2024 को 03 अभियुक्तगण 1. प्रताप ठाकुर पुत्र रामगोपाल निवासी नई बस्ती थाना मझोला जनपद मुरादाबाद, 2. गुड्डू सैनी पुत्र प्रेमराज सैनी निवासी नई बस्ती थाना मझोला जनपद मुरादाबाद, 3. उस्मान पुत्र प्यारे सैफी निवासी तेलीपुरा सैफनी थाना शाहबाद जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 04 बैटरे ई-रिक्शा व कटी हुई ई-रिक्शा के पार्ट एक स्टेपनी व 03 पहिया मय टायर अवैध एक तमंचा व 01 चाकू, 01 मोबाइल व 4050/-रुपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्तगण के कब्जे से थाना मझोला मुरादाबाद पर मु0अ0सं0- 459/2024 धारा 379 भादवि व मु0अ0सं0 485/2024 धारा 379 भादवि तथा थाना सिविल लाइन्स मुरादाबाद पर मु0अ0सं0 455/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित ई-रिक्शा चोरी का माल बरामद हुआ। थाना मझोला पुलिस द्वारा उक्त अभियोगो की चोरी की घटनाओ का सफल अनावरण किया गया। तथा अवैध शस्त्र बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मझोला पर मु0अ0सं0 0488 / 2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अन्य प्रकाश में आया अभियुक्त मोनू पुत्र नामालूम निवासी बल्देवपुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद मौके से फरार हो गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

**1.** प्रताप ठाकुर पुत्र रामगोपाल निवासी नई बस्ती मन्दिर वाली गली बगिया थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

**2.** गुड्डू सैनी पुत्र प्रेमराज सैनी निवासी नई बस्ती मन्दिर वाली गली बगिया थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

**3.** उस्मान पुत्र प्यारे सैफी निवासी तेलीपुरा सैफनी थाना शाहबाद जनपद रामपुर ।

**प्रकाश मे आये व फरार अभियुक्त का नाम व पता –**

मोनू पुत्र नामालूम निवासी बल्देवपुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

**विवरण पूछताछः-**

अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि हम चारो ने कुछ दिन पहले एक ई- रिक्शा जयन्तीपुर बर्फ खाने वाली गली मन्दिर के पास से चुराई थी व एक ई- रिक्शा 8- 10 दिन पहले हम चारो ने दिव्या सरस्वती स्कूल पैपटपुरा रोड से चुराई थी जिनको काटकर इनके पार्ट छोटे छोटे टुकडो में काटकर छुपा दी थी, तथा कुछ पार्ट व बैटरे हमने चलते फिरते कबाडी को 10 हजार रूपये मे बेच दिये थे जो पैसे पुलिस को हमसे मिले है वह बेचे गये रिक्शो के पार्टो के है। कुछ दिन पहले एक ई-रिक्शा हम चारो ने पहले सरकारी अस्पताल के सामने से भी चुराई थी जिसके बैटरे निकालकर बेच दिये थे और बाडी को गैस गोदाम भगतपुर के पास छोड कर चले गये थे। आज हम चारो बचे हुये पार्टो को बेचने के लिए ले जाने आये थे परन्तु पुलिस ने हम तीनो को माल के साथ पकड लिया। हम लोग अवैध तमंचा व चाकू चोरी करने के लिये अपनी सुरक्षा के मकसद से रखते है। तथा हमारा एक साथी मोनू जो बलदेवपुरी के पास का रहने वाला है मौके से भाग गया है।

**बरामदगी का विवरण-**

1. चोरी के 04 बैटरे ई-रिक्शा व कटी हुई ई-रिक्शा के पार्ट एक स्टेपनी व 03 पहिया मय टायर
2. नगद 4050/- रूपये
3. 01 अदद मोबाईल
4. अवैध एक तमंचा देशी व 01 कारतूस 315 बोर
5. अवैध एक चाकू

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 पवन कुमार
2. हे0का0 सुभाष
3. का0 मोहित
4. का0 जितेन्द्र कुमार
5. हे0का0 अमित, थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।

## 6. जनपदीय पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 10 आरोपियो को किया गिरफ्तारः-





अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 02.06.2024 को **थाना कांठ पुलिस** द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग कर रहे आरोपीगण 1. सुरेश कुमार पुत्र बाबू राम, 2. गौरव कुमार पुत्र बाबूराम निवासीगण ग्राम पत्थर कुटी थाना धरोरा मंडी जनपद अमरोहा, 3. धीरज कुमार पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम ध्यानपुरा थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, 4. आकाश पुत्र संतराम सैनी, 5. रोहित पुत्र पप्पू सिंह निवासीगण ग्राम बडा मंदिर पाकबडा थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद, 6.सोनू पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम मिश्रीपुर थाना काँठ जनपद मुरादाबाद, तथा **थाना ठाकुरद्वारा पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1.शुहेल पुत्र फईम निवासी मौ0 मनिहारन कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद, 2.अरमान पुत्र मेहन्दी हसन निवासी मछली बाजार कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद, 3.सुन्दर पुत्र नन्हे निवासी ग्राम मानावाल थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद, तथा **थाना भगतपुर पुलिस** द्वारा आरोपी 1. आरिफ पुत्र साबिर अली निवासी ग्राम पठानों वाली मिलक थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्तिव्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।